तेरे नाम से ऐ श्याम मेरा चल रहा है काम

तेरे नाम से ऐ श्याम,
मेरा चल रहा है काम,
तेरे नाम के सहारे पहुंचेंगे धाम,
तेरे नाम से ऐ श्याम,
मेरा चल रहा है काम......

तेरे कर्म की दास्ताँ कैसे करूं बयान,
कदमो को तेरे छोड़ कर जाना है अब कहाँ,
तेरा नाम लेते लेते हो ज़िन्दगी तमाम,
तेरे नाम से ऐ श्याम,
मेरा चल रहा है काम।

तूने सँवारी सांवरे किस्मत सँवर गई,
खुशबू तुम्हारे प्यार की रूह में उतर गई,
ऐसा पिलाया तूने मस्ती का एक जाम,
तेरे नाम से ऐ श्याम,
मेरा चल रहा है काम।

तूने जो मुझको चुन लिया बंदगी मिली,
चैन और सुकून मिल गया ज़िन्दगी मिली,
ये इश्क़ है रब्बानी हम इसके हैं गुलाम,
तेरे नाम से ऐ श्याम,
मेरा चल रहा है काम।

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/23296/title/tere-naam-se-eh-shyam-mera-chal-raha-hai-kaam

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |